BRAMPTON

**Media Release**

तुरंत रिलीज के लिए

# ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट, 27 जून से शुरू करते हुए, सुरक्षा उपायों के साथ डाउनटाउन ब्रैम्पटन में खुलेगी

ब्रैम्पटन, ओनटैरियो (19 जून, 2020) – कोविड-19 (COVID-19) के दौरान सुरक्षा उपायों के साथ, बेहद प्रतीक्षारत ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट (Brampton Farmers' Market) एक और सीजन के लिए वापिस आ गई है।

मार्किट, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में 27 जून से 24 अक्तूबर, 2020 तक, सुबह 8 बजे से दोपहर बाद 1 बजे तक, हर शनिवार को चलेगी। मार्किट के शुरू होने के नए समय के साथ, खरीदारी के लिए स्ट्रीट पर सुरक्षित सेटअप किया जा सकेगा।

आपके कई पसंदीदा किसान और विक्रेता, लोकल ताज़े फल और सब्जियों और तैयार पैकेज़्ड भोजन बेचने के लिए मौजूद होंगे। शिल्पकार (Artisan) और हाथ से बनी वस्तुएं उपलब्ध नहीं होंगी और साइट पर भोजन तैयार नहीं किया जाएगा। कोविड महामारी के दौरान, समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा सिटी की मुख्य प्राथमिकता है और सुरक्षा उपाय लागू किए जाएंगे।

पील पब्लिक हेल्थ (Peel Public Health) की सलाह से, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, नीचे दिए सुरक्षा उपाय लागू करेगी:

- सभी विक्रेताओं और ग्राहकों के लिए मार्किट में होने के समय, गैर-मेडिकल मास्क (कपड़े का बना साधारण मास्क) पहनना या चेहरे को ढकना जरूरी है
- पूरी मार्किट में , हैंड सैनिटाइज़र स्टेशन उपलब्ध होंगे
- किसी भी एक समय पर मार्किट में, आगंतुक तय की गई संख्या में ही जाएंगे
- मार्किट के क्षेत्रों में से प्रत्येक्ष में प्रवेश के लिए केवल एक दरवाजा और बाहर जाने के लिए भी एक दरवाजा होगा

सिटी सलाह देती है कि इस सीजन, हर परिवार का केवल एक ही मेम्बर मार्किट में आए।

सिटी ग्राहकों से अनुरोध करती है कि वे मार्किट में होने के समय शारीरिक दूरी कायम रखें। इसका मतलब है कि प्रांत के एमरजेंसी आदेशों के तहत, हर समय दूसरों से दो मीटर (छह फुट) दूर रहना, जब तक कि वह आपके दस व्यक्तियों के सामाजिक दायरे का हिस्सा न हों। प्रांत के एमरजेंसी आदेशों के तहत, दस से अधिक व्यक्तियों के इकट्ठे होने पर पाबंदी है। ग्राहकों को यह भी याद दिलाया जाता है कि वे हैंड सैनिटाइज़र या वाइप्स जैसे, खुद के रोगाणुनाशक पदार्थ अपने साथ रखें, बार-बार अपने हाथ धोएं और अपने चेहरे को छूने से परहेज़ करें।

खरीदारी को अधिक से अधिक प्रभावी बनाने में मदद के लिए विक्रेताओं का एक मानचित्र, मार्किट के दिनों को, www.brampton.ca/markets पर ऑनलाइन और साइट पर उपलब्ध होगा।

The Corporation of The City of Brampton
2 Wellington Street West, Brampton, ON L6Y 4R2 311 TTY: 905.874.2130

इस साल, ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट को उदारतापूर्वक, अल्गोमा यूनिवर्सिटी (Algoma University) द्वारा प्रायोजित (स्पांसर) किया गया है।

सिटी ऑफ ब्रैम्पटन, जोखिमों का लगातार निरीक्षण करने के लिए पील पब्लिक हेल्थ और ब्रैम्पटन एमरजेंसी मैनेजमेंट ऑफिस (Brampton Emergency Management Office) में अपने साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रही है। नियमित अपडेट्स के लिए www.brampton.ca/covid19 पर जाएं।

**हवाले**

“यह घोषणा करते हुए हम बेहद उत्साहित हैं कि हमारे शहर के डाउनटाउन के केंद्र में लंबे-समय से लगने वाली, ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट, सीजन के लिए 27 जून को खुलेगी! मैं आपको सलाह देता हूं कि मास्क पहनकर, शारीरिक दूरी को कायम रखते हुए और अच्छी तरह सफाई को कायम रखते हुए, मार्किट में आनंद लें और खरीदारी करें। मैं इस साल मार्किट में फिर आपका स्वागत करने के लिए उत्साहित हूं।”

- *पैट्रिक ब्राउन (Patrick Brown), मेयर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट, हमारे समुदाय में एक परंपरा है और मैं इस साल इसे जोश से भरपूर देखने के लिए उत्साहित हूं। कई शानदार विक्रेता साइट पर मौजूद होंगे। मैं हर किसी को, इन कारोबारियों को सहयोग करने की सलाह देता हूं। प्रत्येक के लिए अधिक से अधिक बेहतर अनुभव को सुनिश्चित करने के लिए, लागू सुरक्षा उपायों का पालन जरूर करें।”

- *गुरप्रीत ढिल्लों (Gurpreet Dhillon), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 9 और 10, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन; वाइस-चेयर, इकोनॉमिक डेवलेपमेंट एंड कल्चर*

“जैसा कि इस सीजन के लिए ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट खुल रही है, समुदाय का स्वास्थ्य और सुरक्षा, हमारे लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता है। मार्किट का आनंद लें, अपनी रुचि की वस्तुएं खरीदें और सुरक्षा उपायों का पालन करें। इकट्ठे मिलकर, हम पूरे मार्किट सीजन के दौरान स्वस्थ, सुरक्षित और खुश रह सकते हैं।”

- *पॉल विसेंट (Paul Vicente), रीजनल काउंसलर, वार्ड्स 1 और 5, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन; वाइस-चेयर, इकोनॉमिक डेवलेपमेंट एंड कल्चर*

“सिटी, समुदाय के स्वास्थ्य और सुरक्षा को बेहद गंभीरता से लेती है, खास करके कोविड-19 के दौरान। हम पील पब्लिक हेल्थ की सलाह से, ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट खोल रहे हैं। हम हर किसी को, लागू सुरक्षा उपायों का पालन करने का अनुरोध करते हैं।”

- *डेविड बैरिक (David Barrick), चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर, सिटी ऑफ ब्रैम्पटन*

“ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट, डाउनटाउन ब्रैम्पटन में बड़ा कार्यक्रम है। यह शानदार खबर सुनकर बहुत खुशी हो रही है। इस साल, डाउनटाउन ब्रैम्पटन के कई कारोबारी इसमें विक्रेता के तौर पर हिस्सा लेंगे। मैं निवासियों और आगंतुकों को सलाह देती हूं कि लोकल खरीदें, सुरक्षित रहें और हमारे शानदार शहर और डाउनटाउन को सहयोग करें।”

- *सूज़ी गॉडफ्रॉय (Suzy Godefroy), एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, डाउनटाउन ब्रैम्पटन बी.आई.ए.*

“ब्रैम्पटन फार्मर्स मार्किट एक परंपरा है, कारोबारी होने के तौर पर, इसका हिस्सा बनने पर मुझे हमेशा खुशी होती है। अब यह पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है कि आगंतुक लोकल वस्तुएं खरीदें। इस साल, मैं मार्किट में पेस्ट्रीज, ब्रेड और श्निटज़ल सैंडविच बेचूंगी। कृपया शारीरिक दूरी और अच्छी तरह सफाई कायम रखें, ताकि हम सभी सुरक्षित रह सकें और मार्किट का आनंद ले सकें।”

- *वेरा क्रासवैक (Vera Krasavac), मालिक, क्वीन जिप्सी*

-30-

**कैनेडा में सबसे अधिक तेजी से बढ़ने वाले शहरों में से एक के तौर पर, ब्रैम्पटन 650,000 लोगों और 70,000 कारोबारियों का घर है।** हम जो भी करते हैं, लोगों को ध्यान में रखते हुए करते हैं। हम अपने विविध समुदायों से उत्साहित होते हैं, हम निवेश को आकर्षित करते हैं और हम तकनीक और वातावरण संबंधी नवीनता को आगे बढ़ाने के सफर पर हैं। हम एक ऐसा स्वस्थ शहर बनाने में प्रगति के लिए सहभागिता करते हैं, जो सुरक्षित, स्थिर व सफल हो। हमारे साथ Twitter, Facebook, और Instagram पर जुड़ें। www.brampton.ca पर और जानें।

**मीडिया संपर्क**
मोनिका दुग्गल (Monika Duggal)
कोआर्डिनेटर, मीडिया एंड कम्युनिटी एन्गेजमेंट
स्ट्रैटजिक कम्युनिकेशन
सिटी ऑफ ब्रैम्पटन
905-874-3426 | Monika.Duggal@brampton.ca